**विकास गुप्ता,** भा.प्र.से.
आयुक्त
**Vikas Gupta,** IAS
Commissioner

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

**केन्द्रीय विद्यालय संगठन**
18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016
**Kendriya Vidyalaya Sangathan**
18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, New Delhi-110016

# अपील

आप सभी को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।

भाषा व्यक्ति के विचारों, भावनाओं और अनुभवों को अभिव्यक्त करने का सबसे सशक्त माध्यम है। किसी भी देश और समाज की सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं दार्शनिक विरासत को समृद्ध बनाने में भाषा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। भारत एक बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक देश है, जहाँ विभिन्न प्रादेशिक भाषाएँ और बोलियाँ हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा हैं। इस विविधता के बीच हिंदी एक महत्वपूर्ण संपर्क भाषा के रूप में लोगों को जोड़ने और आपसी संवाद को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

हिंदी की सरलता, सहजता, ग्रहणशीलता तथा विभिन्न भारतीय भाषाओं और बोलियों के शब्दों को आत्मसात करने की क्षमता ने इसे व्यापक जनसमुदाय के बीच लोकप्रिय बनाया है। इन्हीं विशेषताओं तथा व्यापक संप्रेषण की भाषा के रूप में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में अंगीकार किया। इसी ऐतिहासिक दिवस की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को 'हिंदी दिवस' मनाया जाता है।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था है, बल्कि विद्यार्थियों में भाषाई संवेदनशीलता, भारतीय भाषाओं के प्रति सम्मान तथा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। विद्यालयों में विभिन्न शैक्षिक एवं सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों के माध्यम से हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित किया जाता है। साथ ही, केन्द्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय तथा इसके अधीनस्थ क्षेत्रीय कार्यालयों और आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों में भी सरकार द्वारा निर्धारित राजभाषा संबंधी प्रावधानों एवं लक्ष्यों के अनुरूप हिंदी में शासकीय कार्य को निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा है।

इन प्रयासों के परिणामस्वरूप केन्द्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालयों, आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों तथा केन्द्रीय विद्यालयों को समय-समय पर राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा विभिन्न राजभाषा पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता रहा है। माननीय संसदीय राजभाषा समिति द्वारा भी राजभाषा निरीक्षणों के दौरान हमारे संस्थानों में हिंदी के प्रयोग और राजभाषा संबंधी कार्यों की सराहना की जाती रही है। इसी क्रम में, वर्ष 2025-26 हेतु केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मुख्यालय) को "राजभाषा कीर्ति पुरस्कार" में द्वितीय स्थान प्राप्त होना हम सभी के लिए गौरव का विषय है। इस उपलब्धि के लिए मैं केन्द्रीय विद्यालय संगठन परिवार के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हार्दिक बधाई देता हूँ।

हिंदी दिवस के अवसर पर मैं केन्द्रीय विद्यालय संगठन परिवार के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील करता हूँ कि वे राजभाषा के रूप में हिंदी के प्रयोग को और अधिक प्रभावी बनाने में अपना सक्रिय योगदान दें। संविधान एवं राजभाषा संबंधी नियमों और निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप अपने कार्यालयों एवं विद्यालयों में शासकीय कार्यों में यथासंभव अधिक से अधिक हिंदी का प्रयोग करें तथा अपने दैनिक कार्य-व्यवहार में भी हिंदी के सहज एवं स्वाभाविक प्रयोग को प्रोत्साहित करें।

आइए, हम सभी मिलकर हिंदी को केवल कार्यालयी कार्यों तक सीमित न रखते हुए संवाद, सृजन, संवेदना और सहभागिता की सशक्त भाषा बनाएँ और भारतीय भाषाओं की विविधता का सम्मान करते हुए हिंदी के विकास एवं प्रसार में अपना योगदान दें।

पुनः आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ।

जय हिंद!

(विकास गुप्ता)
आयुक्त

दिनांकः 14 सितंबर, 2026